न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ़
पीठासीन अधिकारी श्री अजीत सिंह राठौड (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 31/2023

उनवान

1. श्री कालूराम पिता उदा गुर्जर नि0 कान्याखेडी तह. हमीरगढ़ जिला भीलवाडा।

--प्रार्थी

बनाम

1. श्री मोना पिता उदा गुर्जर नि0 कान्याखेडी तह. हमीरगढ़ जिला भीलवाडा।
2. श्री भेरूलाल पिता उदयलाल गुर्जर नि0 कान्याखेडी तह. हमीरगढ़ जिला भीलवाडा।
3. श्री भंवर लाल पिता अमरचंद गुर्जर नि0 कान्याखेडी तह. हमीरगढ़ जिला भीलवाडा।
4. सोहनी पुत्री अमरचंद गुर्जर नि0 कान्याखेडी तह. हमीरगढ़ जिला भीलवाडा।
5. श्री हीरा पिता अमरचंद गुर्जर नि0 कान्याखेडी तह. हमीरगढ़ जिला भीलवाडा।
6. कमला पुत्री अमरचंद गुर्जर नि0 कान्याखेडी तह. हमीरगढ़ जिला भीलवाडा।
7. गीसी पत्नि अमरचंद गुर्जर नि0 कान्याखेडी तह. हमीरगढ़ जिला भीलवाडा।
8. श्री नारू पिता भवाना गुर्जश्र नि0 कान्याखेडी तह. हमीरगढ़ जिला भीलवाडा।
9. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ़ जिला भीलवाडा।

---अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956
निर्णय दिनांक 16.05.2023

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय मे दिनांक 13.02.2023 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम कान्याखेडी प.ह. खैराबाद भू.अ.नि. खैराबाद तह. हमीरगढ़ जिला भीलवाडा में खाता संख्या 262 की आ.न. 633/215 रकबा 0.7271है0 कुल किता 01 रकबा 0.7271 है0 भूमि स्थित है।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय मे दिनांक 15.02.2023 को पंजीवद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या 01 लगायत 08 बावजूद विधिवत प्रक्रियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल मे लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली मे उपलब्ध रेकार्ड का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

–::आदेश::–

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ़ को आदेश दिये जाते है कि **ग्राम कान्याखेडी प.ह. खैराबाद भू.अ.नि. खैराबाद तह. हमीरगढ जिला भीलवाडा में खाता संख्या 262 की आ.न. 633/215 रकबा 0.7271है0 कुल किता 01 रकबा 0.7271 है0 भूमि स्थित है।** जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रकिया के अनुसार की जावे तथा नियमानुसार निर्धारित शुल्क 300/–पक्षकार प्रार्थी राजकोष मे जमा कराये, साथ ही कमिश्नर फीस 500/–रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 16.05.2023 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(अजीत सिंह राठौड)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ